हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 14 मार्च 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा

06 प्रदर्शन के आधार पर थानों की रैंकिंग हुई ...




07 स्वयं सहायता समूहों से दीदियों को लखपति ही...



## खबर संक्षेप

### मुनि विमल सागर महाराज ससंघ का मंगल आगमन आज



**सीहोर।** संत शिरोमणि समाधिस्थ आचार्य गुरुवर मुनि विद्या सागर महाराज नवाचार आचार्य समयसागर महाराज के शिष्य मुनि विमल सागर महाराज एवं 108 मुनि अनंत सागर महाराज का ससंघ सिध्दपुर नगर सीहोर मे मंगल प्रवेश 14 मार्च को होना है। इसके लिए सकल जैन समाज द्वारा सीहोर प्रवास के लिए तैय्यारी चल रही है। मुनि श्री विमल सागर महाराज का पूर्व नाम ब्रजेशजी जैन था। आपका जन्म 15 अप्रैल 1975 को मध्य प्रदेश के सागर जिले के बरोदिया ग्राम में हुआ। आपके पिता का नाम श्री कपूरचंदजी जैन तथा माता का नाम गोमती बाई जैन है। आपने हायर सेकेंडरी एवं शास्त्री (प्रथम वर्ष) तक शिक्षा प्राप्त की। आपने 28 अप्रैल 1998 को भाग्योदय तीर्थ, सागर (मध्य प्रदेश) में आचार्य श्री 108 विद्यासागरजी महाराज के सान्निध्य में ब्रह्मचारी व्रत ग्रहण किया। तत्पश्चात 22 अप्रैल 1999 को सिद्धक्षेत्र नेमावर, देवास (मध्य प्रदेश) में आचार्य श्री 108 विद्यासागरजी महाराज से मुनि दीक्षा प्राप्त कर आप मुनि श्री 108 विमल सागर महाराज के नाम से दीक्षित हुए। आपका जीवन त्याग, संयम, तप और आत्मसाधना से अनुप्राणित होकर जैन धर्म के आदर्शों का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करता है।

### ब्राह्मण समाज की बैठक आज

**सीहोर।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भगवान विष्णु के छठवें अवतार और भगवान शिव शक्ति के परम शिष्य चिरंजीवी भगवान परशुराम का जन्मोत्सव अक्षय तृतीया पर बड़े धूमधाम व हर्षो उल्लास से मनाया जाएगा। बैठक की जानकारी देते हुए प्रवक्ता पंडित सुनील शर्मा ने बताया कि सीहोर क्षेत्र के विप्र जनों द्वारा खजांची लाइन में स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में आगामी 14 मार्च शनिवार को रात्रि 8 बजे एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी ब्राह्मण बंधु आगामी कार्यक्रम को भव्यता से मनाने के लिए अपने विचार व कार्य योजना प्रस्तुत करेंगे द्य ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पं. दीपक शर्मा, सर्व ब्राह्मण हितकारिणी संस्था अध्यक्ष पं. मनोहर शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष पं. सुदीप व्यास,महामंत्री पं. रमाकांत समाधिया व कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी विप्र बंधुओ से अपील की है कि बैठक में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता प्रदान करें।

### वाणिज्यिक एलपीजी गैस उपलब्धता की समीक्षा बैठक आयोजित

# जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता : कलेक्टर

**उपभोक्ताओं को नियमित रूप से बुकिंग के आधार पर मिलेंगे सिलेंडर**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

कलेक्टर प्रीति यादव की अध्यक्षता में गुरुवार को जिले के समस्त गैस एजेंसी संचालकों की बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर ने गैस वितरकों से वाणिज्यिक (कमर्शियल) एवं घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के उपलब्ध स्टॉक की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि गैस आपूर्ति की स्थिति पर निगरानी रखी जाए तथा वितरण व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो, जिससे किसी भी उपभोक्ता को असुविधा का सामना न करना पड़े।

कलेक्टर ने बताया कि जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा उपभोक्ताओं को नियमित रूप से बुकिंग के आधार पर सिलेंडर प्राप्त होते रहेंगे। उन्होंने आमजन से अपील की किसी भी प्रकार की अनावश्यक भ्रांति और अफवाहों पर ध्यान न दें। बैठक में बताया कि वर्तमान परिस्थितियों में चिकित्सालय एवं शैक्षणिक संस्थानों को छोड़कर अन्य वाणिज्यिक उपभोक्ताओं, जैसे होटल, मॉल, बल्क एलपीजी का उपयोग करने वाले औद्योगिक क्षेत्र एवं फैक्ट्री आदि को कमर्शियल एलपीजी (बल्क एवं पैक्ड) की आपूर्ति अस्थायी रूप से नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देशित गया कि जिले के चिकित्सालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों का आंकलन कर गैस आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाए। साथ ही पुलिस, सीएपीएफ, डिफेंस प्रतिष्ठान सहित अन्य आवश्यक सेवाओं को निर्बाध रूप से कमर्शियल गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने हेतु संबंधित संस्थानों का भी आंकलन किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि बस स्टैंड एवं अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थलों के आसपास भोजन एवं खाद्य पदार्थों की उपलब्धता प्रभावित न हो, इसके लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। बैठक में आईओसीएल कंपनी की सेल्स ऑफिसर भाग्यश्री शर्मा, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी एनएस मुवेल (आगर/बड़ौद) तथा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुरेश गुर्जर (सुसनेर/नलखेड़ा) सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# नेशनल लोक अदालत आज 9 खंडपीठ करेंगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा डीएस चौहान के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 को वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह लोक अदालत जिला न्यायालय आगर मालवा सहित तहसील न्यायालय सुसनेर एवं नलखेड़ा में आयोजित होगी। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण, धारा 138 के चेक बाउंस प्रकरण, बकाया वसूली, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, विद्युत, जलकर, संपत्तिकर, पारिवारिक विवाद, भू-अर्जन तथा व्यवहार न्यायालयों में लंबित समस्त दीवानी प्रकृति के प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त ऐसे प्रकरण जो अभी न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, उन्हें भी प्री-लिटिगेशन स्तर पर लोक अदालत में रखा जाएगा। इनमें बैंक, बीएसएनएल, धारा 138 के बैंक चेक बाउंस, बकाया राशि की वसूली, विद्युत, जलकर एवं अन्य विभागीय बकाया, ट्रैफिक चालान तथा अन्य समझौता योग्य आपराधिक एवं दीवानी प्रकरण शामिल रहेंगे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अश्विनी सिंह ने बताया कि नेशनल लोक अदालत के लिए जिला मुख्यालय आगर मालवा तथा तहसील सुसनेर एवं नलखेड़ा में 9 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया है। इन खण्डपीठों द्वारा लगभग 591 न्यायालय में लंबित प्रकरणों तथा 5929 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में आपसी सहमति से समझौता कराने का प्रयास किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ 14 मार्च को प्रातः 10:30 बजे प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीएस चौहान द्वारा जिला न्यायालय परिसर आगर मालवा स्थित मध्यस्थ कक्ष में किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है कि जिनके प्रकरण न्यायालय में लंबित हैं अथवा न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की स्थिति में हैं, वे नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर आपसी सामंजस्य से प्रकरणों का निराकरण कराएं और संबंधित विभागों द्वारा प्रदान की जा रही छूट का लाभ प्राप्त करें।

# भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याण महोत्सव मनाया, निकाली शोभायात्रा

**सीहोर।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थांकर भगवान आदिनाथ का जन्म कल्याण महोत्सव गुरुवार को मनाया गया। इस मौके पर जैन मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए। दो दिवसीय महोत्सव के तहत जैन समाज ने शहर में जुलूस निकाला। जिसमें जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह मंदिर में विधि-विधान से भगवान आदिनाथ का 108 कलशों से अभिषेक किया गया। शांति धारा और विशेष पूजन किया गया। इसके बाद मंदिर परिसर से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं पारंपरिक वेश-भूषा में सिर पर कलश धारण कर चल रहीं थीं। कलश यात्रा के बाद बैंडबाजों और धार्मिक ध्वजों के साथ शोभायात्रा निकाली गई।



यह शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुई वापस इंग्लिशपुरा जैन मंदिर पहुंची। यात्रा का जगह-जगह लोगों ने स्वागत किया। धार्मिक आयोजन में पुरुषों, महिलाओं व बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष राहुल जैन, महामंत्री अंकुश जैन, सह मंत्री नितिन, डीके जैन, कोषाध्यक्ष सतीश जैन, मुकेश पटवारी एवं समाज के वरिष्ठ जन्म उपस्थित रहे।

**परीक्षा को लेकर बताई शिक्षकों में नाराजगी की स्थिति**

# वर्षों से कार्यरत शिक्षकों की पात्रता परीक्षा को लेकर पूर्व विधायक ने केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

प्रदेश में वर्षों से कार्यरत शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर शुरू होने जा रही शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर शिक्षकों का विरोध अब लगातार सामने आ रहा है। इसी संदर्भ में पूर्व शिक्षक एवं सुसनेर क्षेत्र के पूर्व विधायक मुरलीधर पाटीदार ने केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्री राव उदयप्रताप सिंह को पत्र लिखा है।

पाटीदार ने लिखे गए पत्र में निवेदन करते हुए उल्लेख किया है कि मध्य प्रदेश के शासकीय विद्यालय में वर्षों से पूर्ण सेवा एवं समर्पण के भाव से बहुत ही अल्प वेतन से प्रारंभ करते हुए लाखों शिक्षक ( शिक्षा कर्मी, संविदा शाला शिक्षक, अध्यापक, वर्तमान में राज्य शिक्षा सेवा के सुसंगत पदों पर कार्यरत लोक सेवक ) अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसी प्रकार से देश के अन्य प्रदेशों में राज्य की व्यवस्था अनुसार अलग-अलग कैडर में शिक्षक लंबे समय से बड़ी संख्या में कार्य कर रहे हैं।



पूर्व विधायक पाटीदार ने बताया कि भारतीय परंपरा में गुरुओं का स्थान सदा से श्रेष्ठ रहा है एवं शासन की यह जवाबदेही है कि शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु शिक्षकों को उचित वातावरण एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु सहज व्यवस्थाएं उपलब्ध कराएं। संदर्भित पत्र से प्रदेश का समूचा शिक्षक समाज हतप्रभ होकर अवाक है कि इतने लंबे अनुभव एवं कार्य सिद्धि उपरांत भी शासकीय सेवा में स्वयं को साबित करना होगा। पाटीदार ने पत्र में लिखा कि उक्त आदेश से भ्रम एवं व्यापक असंतोष की स्थिति निर्मित हुई है एवं समूचा शिक्षक समाज चिंतित, असुरक्षित महसूस करते हुए आंदोलित है। पूर्व विधायक द्वारा पत्र में उल्लेख के अनुसार केंद्रीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री से करबद्ध आग्रह किया है कि सर्वोच्च न्यायालय एवं शिक्षा का अधिकार अधिनियम को सुसंयोजित, सुप्रबंधन करते हुए शासन स्तर से सकारात्मक पहल करते हुए ऐसा मार्ग निकाला जाए ताकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को जो पर्याप्त अनुभवों एवं श्रेष्ठा को लगतार सिद्ध करते आ रहे हैं को पुनः अपमानजनक प्रक्रिया से न गुजरना पड़े एवं उनके हितों का संरक्षण हो सके। यदि आवश्यकता पड़े तो शिक्षा का अधिकार अधिनियम में संशोधन भी किया जाए। यदि इस मामले में त्वरित सकारात्मक कार्यवाही नहीं की गई तो आंदोलित शिक्षक समाज उग्रता की ओर बढ़ेगा। जिसमें सभी स्तरों पर जनप्रतिनिधियों के साथ मेरा भी समर्थन भी इन शिक्षकों को निश्चित ही मिलेगा। पाटीदार ने लिखा कि भाजपा सरकार ने लगातार शिक्षकों के हितों का संरक्षण किया है। इस मामले में भी सकारात्मक मार्ग निकालकर निर्णय लिया जाए।

# शासकीय छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**सीहोर।** राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शासकीय छात्रावासों में वर्ष 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस वर्ष विभाग ने प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। इसके लिए एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से विशेष ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि प्रदेश में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका एवं बालक छात्रावासों में विशेष रूप से वंचित वर्ग के बालक-बालिकाओं को उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पारदर्शी ऑनलाइन प्रवेश प्रणाली प्रारंभ की गई है। संचालक सिंह ने बताया कि ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली एक समेकित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसे आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया, सीट आवंटन, अभिलेख संधारण और प्रशासनिक कार्यों को ऑनलाइन एवं पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए विकसित किया गया है। ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी) टाइप-I एवं टाइप-III तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस (एनएससीबी) बालक/बालिका छात्रावासों के पारदर्शी प्रबंधन और उनमें प्रवेश की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित की गई है।

## आज सजेगा सांवरिया सेठ का दरबार, होगी भजन संध्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

शनिवार को नगर में सांवरिया का दरबार सजेगा, इसके साथ ही एक शाम सांवरिया सेठ के नाम भजन संध्या का आयोजन होगा। स्थानीय मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर सांवरिया सेठ मित्र मंडल द्वारा आज शनिवार को सायं 7 बजे से एक शाम सांवरिया सेठ के नाम भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सांवरिया सेठ का भव्य दरबार भी सजेगा जिसे श्री सांवरिया सेठ दरबार सेवा देवली राजस्थान द्वारा सजाया जाएगा। भजन संध्या में सांवरिया सेठ के भजनों के प्रसिद्ध गायक रोहित राजस्थानी एवं दीपक राजस्थानी अपनी सुमधुर आवाज में सांवरिया सेठ के भजनों की प्रस्तुति देंगे।



### महिलाओं ने पीपल वृक्ष की परिक्रमा लगाकर बांधा कच्चा सूत

# दशामाता की पूजन कर की घर में सुख समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

होली पर्व के साथ ही विभिन्न धार्मिक त्यौहार भी प्रारंभ हो जाते हैं। शीतला सप्तमी की पूजा के बाद सुहागिन महिलाओं द्वारा शुक्रवार को दशमी पर दशा माता की कथा सुनकर पीपल वृक्ष की पूजा अर्चना कर घर में सुख, शांति व समृद्धि के साथ परिवार के स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। शुक्रवार को नगर के विभिन्न स्थानों पर महिलाओं द्वारा दशामाता की पूजा-अर्चना कर कथा का श्रवण भी उसी स्थल पर किया गया। साथ ही पीपल वृक्ष की 11 परिक्रमा कर वृक्ष पर कच्चा सूत बांधकर हल्दी व कुमकुम से पीपल वृक्ष की पूजा की गई तथा वृक्ष पर अन्य पूजन सामग्री का भोग भी लगाया गया।


होली पर्व के बाद दशमी पर दशा माता की पूजन की परंपरा चली आ रही है। इस पर्व पर सुहागिन महिलाओं द्वारा प्राचीन पीपल वृक्षों की पूजा कर घर में सुख, शांति, समृद्धि तथा परिवार में आरोग्य की कामना की जाती है। इसी के चलते नगर में पुलिस थाना, विद्युतमंडल, खेड़ापति हनुमान मंदिर, मां बगलामुखी मंदिर, गवलीपुरा स्थित हनुमान मंदिर सहित अन्य स्थानों पर जहां प्राचीन पीपल वृक्ष स्थापित है। वहां सुहागिन महिलाएं अपने-अपने घरों से पूजन की थाली लेकर पहुंची जहां उनके द्वारा दशा माता की कथा सुनकर सामूहिक रूप से पीपल वृक्ष की पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं द्वारा इस दिन व्रत, उपवास रखकर परिवार के लिए सुख-समृद्धि व आरोग्य की कामना भी की गई।





### महिलाओं ने दशारानी व राजा नल दमयंती की कथा सुनी

कानड़ में भी शुक्रवार को नगर के विभिन्न स्थानों पर सुख, समृद्धि की कामना लिए सुहागिनों द्वारा दशामाता की पूजा की गई। महिलाओं ने अपने घर परिवार की दशा सुधारने के लिए पीपल वृक्ष की परिक्रमा लगा कर हल्दी कुम कुम से पूजा की साथ ही सुहाग की सुरक्षा के लिए कच्चे सूत के डोरे में गठान लगाकर पीपल से बाधकर खुशहाली की कामना की। वहीं महिलाओं ने पीपल वृक्ष के नीचे बैठकर दशारानी व राजा नल दमयंती की कथा सुनी। कुमकुम से अपने घरों पर स्वास्तिक व हाथों की छाप लगाई।




# मां एक अनंत वात्सल्य विषय पर मातृ सम्मेलन का किया आयोजन




**कानड़।** नगर के अंकुरम एजुकेशनल एकेडमी स्कूल द्वारा मां एक अनंत वात्सल्य विषय पर मातृ सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वरिष्ठ शिक्षिक राधा सोनी, नगर परिषद अध्यक्ष शिप्रा बाई बिजापारी, मंजू बाला माली, प्रियंका जैन, रचना शर्मा, कविता शर्मा, विजयलक्ष्मी माली एवं विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में अभिभावकों को बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं बौद्धिक विकास पर विशेष ध्यान देने का आहान किया कि बच्चों की सकारात्मक वातावरण एवं पर्याप्त समय देना अत्यंत आवश्यक है। विद्यार्थियों ने अतिथियों के विचारों को तन्मयता से सुना तथा अपने अनुभव भी साझा किया। मातृशक्ति को ध्यान में रखते हुए बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। अतिथियों ने कहा कि मां घर परिवार का केन्द्र बिन्दु होती है मां की जगह स्वयं भागवन भी नहीं ले सकते हैं जो बच्चा अपनी मां के समान से कितना प्यार करता तो सोचे वो अपनी मां कितना प्यार करता होगा मां का पारदर्शी प्रेम होता है अतिथियों ने अपने-अपने विचार अच्छे तरीके से बच्चों को समझाने की कोशिश की। श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों व खेलकूद व अन्य एक्टिविटी में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

**खबर संक्षेप**

## ग्राम अंबाजार में पशु बांझपन एवं निवारण शिविर आयोजित



**चापडा।** शासन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य दुग्ध उत्पादन एवं पशुपालक की आय मे वृद्धि करने की परिकल्पना को साकार करने हेतु पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा क्षिरधारा ग्राम योजना संचालित की जा रही है। इसके तहत पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारी डॉ. विजय शर्मा, भारती शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम अंबाजार में संबंधित शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ.विजय शर्मा ने पशुपालकों को पशुओ के अच्छे स्वास्थ्य उन्नत नस्ल सुधार एवं संतुलित पोषण देने हेतु विस्तार से जानकारी दी एवं विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पर प्रकाश डाला। पशु औषधालय भमोरी के संस्था प्रभारी एवं ग्राम शिविर के सहायक नोडल अधिकारी तुलसीराम मालवीय ने वरिष्ठ अधिकारीयो के मार्गदर्शन में बीमार पशुओं का निःशुल्क उपचार गर्भ परीक्षण किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन नारायण नायक, सूरज नायक, ख्यालीराम नायक, राम अवतार नायक, चतरू नायक, रामेश्वर बगाना, सुमित सेंधव आदि उपस्थित रहे एवं शिविर में विशेष सहयोग प्रदान किया।

## समितियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण आयोजित



**बागली।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बागली के सेक्टर हाटपीपल्या अंतर्गत प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम पाटीदार धर्मशाला, इकलेरा में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में नवांकुर समिति मां गायत्री सेवा समिति सेमली बुजुर्ग के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सेंधव ने कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।इस अवसर पर ग्राम इकलेरा के वरिष्ठ समाजसेवी बलराम पाटीदार ने सामाजिक समरसता एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए तथा कार्यक्रम की सराहना की।जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक प्रफुल्ल पाठक ने प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति, जल संरक्षण तथा परिषद द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी।इस अवसर पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए। आयोजित हुए कार्यक्रम में विशेष रूप से अशोक सेंधव, गोवर्धन पाटीदार अर्जुन पाटीदार, राजाराम पाटीदार उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन कांतिलाल दुधिया ने किया तथा अंत में विष्णू दुधिया ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जिला पुलिस कंट्रोल रूम में फरवरी माह की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित

# प्रदर्शन के आधार पर थानों की रैंकिंग हुई जारी अनुभाग कन्नौद को मिला प्रथम स्थान प्राप्त

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर उपनिरीक्षक गौपाल चौधरी एवं उपनिरीक्षक राहुल परमार को सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एएसपी शहर जयवीर सिंह भदौरिया, एएसपी ग्रामीण सौम्या जैन समस्त एसडीओपी,समस्त थाना/चौकी के प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध समीक्षा बैठक में विभिन्न बिंदूओ के आधार पर समीक्षा की गई। अपराध समीक्षा बैठक मे पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायतों को गंभीरतापुर्वक सुनकर उचित कार्यवाही के निर्देश दिये गये है। थानों पर लगे क्यू आर कोड को ज्यादा से ज्यादा जनता द्वारा उपयोग बढाने के निर्देश दिये गये ताकि फीडबैक प्रभावी रहे। चोरी की वारदातों को गंभीरतापूर्वक लेते हुये रात्री गश्त व्यवस्था एवं नाकाबंदी प्रभावी पुख्ता करने के निर्देश दिये गये। एफआईआर से लेकर विवेचना,चालान, प्रगति और ट्रायल के दौरान समंस वारंट की तामिली एवं तकनीकी का सर्वाधिक उपयोग पर जोर दिया जाये ताकि फरियादियों को त्वरित न्याय प्रदान किया जा सके।

जुआ,सट्टा,शराब एवं अवैध गतिविधियों पर जीरो टोलरेंस और पुलिस मुखबिर को सशक्त बनाने क लिये किसी भी स्थिति मे पुलिस का दुर्व्यवहार एवं अवैधानिक गतिविधियों को बर्दाश्त नही किये जाने के स्पष्ट निर्देश दिये गये है। संपूर्ण जिला पुलिस की कार्य प्रणाली निष्ठापूर्ण,पारदर्शी,समयबद्ध और पीडित उन्मुखी बनाने हेतु निर्देशित किया गया है। आगामी त्यैहारों के दौरान आम जनता को आपराधिक तत्वों से बचाने हेतु ऑपरेशन पवित्र के तहत अधिक से अधिक बॉण्डओवर कराने हेतु निर्देशित किया गया है। अपराध समीक्षा बैठक में समस्त थानों का 25 पैरामीटर के आधार पर फरवरी माह में आंकलन किया गया, जिनके आधार पर रैंकिंग जारी की गई। इसी प्रकार माह फरवरी की अनुभागवार भी रैंकिंग में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कन्नौद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। माह फरवरी में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर थाना प्रभारी विजयागंज मण्डी रोहित पटेल को पुरस्कृत किया गया एवं समस्त स्टाफ को बधाई दी गई । फरवरी माह में प्रथम अनुभाग के रूप में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कन्नौद आदित्य तिवारी को पुरस्कृत किया गया एवं पुरे अनुभाग के पुलिस कर्मियों को बधाई दी गई। इसी प्रकार माह फरवरी में सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी पुरस्कार के रुप में उपनिरीक्षक गौपाल चौधरी एवं उपनिरीक्षक राहुल परमार को ₹सर्वश्रेष्ठ पुलिसकर्मी₹ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।




# गैस के बढ़ते दामों को लेकर कांग्रेस ने जताया सड़क पर विरोध

### गटर से गैस बनाने का किया प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

केंद्र सरकार यह मानने को तैयार नहीं है कि देश में रसोई गैस की कमी है। बार-बार यही कहा जा रहा है कि पर्याप्त गैस उपलब्ध है। वही प्रदेश के मुख्य सचिव ने कलेक्टरों की बैठक बुलाकर यह निर्देश दिए कि जो कोई भी गैस की कमी को लेकर अफवाह फैलाए।

उस पर कार्रवाई की जाए, अगर ऐसा है तो फिर गैस एजेंसियों पर इतनी लंबी-लंबी कतार क्यों है। छोटे-छोटे व्यवसाय गैस को लेकर क्यों बंद हो रहे हैं। जब गैस की कमी नहीं है तो फिर गैस के दाम 60 रूपये से लेकर 120 रुपए तक क्यों बढ़ाए गए हैं। ऐसा लगता है मोदी सरकार ने आपदा में अवसर का लाभ उठाते हुए गैस के दाम बड़ा दिए हैं जो अनुचित है। कांग्रेस ने मूल्य वृद्धि वापस लेने की मांग करते हुए शुक्रवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में स्थानीय जवाहर चौक में कांग्रेस ने प्रदर्शन किया गया। इसी के साथ गौतम ने मांग की के बड़े हुए गैस के दाम वापस लिए जाए।

साथ ही कहा कि छोटे-छोटे व्यवसायियों को एवं घरों को पर्याप्त गैस उपलब्ध कराई जाए। इस अवसर पर कांग्रेस ने एक पाइप लाइन गटर में डाली दूसरी गैस चूल्हे से जोडी और गटर से गैस बनाने का प्रदर्शन करते हुए मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर कांग्रेस नेता प्रदीप चौधरी, रेखा वर्मा, भगवान सिंह चावड़ा, सुधीर शर्मा, गुरु चरण सिंह सलूजा, रोशन रायकवार, विक्रम पटेल, राजेश डांगी, दीपेश कानूनगो, जितेंद्र सिंह गौड़, वंदना पांडे, रूपेश कल्याने, प्रतीक शास्त्री, दिग्विजय सिंह झाला, मोनू शर्मा विशाल यादव, दिलीप परमार, अनिमेष पांडे, राजा पड़ियार जहीर शेख, रईस कामदार, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित थे।

# मप्र राज्य कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शुक्रवार को म. प्र. राज्य कर्मचारी संघ के आव्हान और बैनर तले जिला देवास इकाई के द्वारा मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम एक ज्ञापन जिलाधीश के माध्यम से दिया गया। ज्ञापन में (शिक्षक पात्रता परीक्षा) टीईटी के संबंध में उच्चतम न्यायालय के फैसले पर सरकार द्वारा रिव्यू पिटीशन लगाने की मांग की गई।

राज्य कर्मचारी संघ के समस्त पदाधिकारीगण , कार्यकर्तागण एवं जिले के अधिकांश शिक्षकगण भोपाल चौराहे से रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन का वाचन राज्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र जोशी ने किया तथा आभार जिला सचिव रविंद्रपाल सिंह तंवर ने व्यक्त किया। ज्ञापन कार्यक्रम में राज्य कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष मंडी प्रकोष्ठ मुकेश चौधरी, राजेश वर्मा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, सहज सरकार प्रदेशमंत्री, जिला उपाध्यक्ष गण दिनेश जिनवाल, धर्मेंद्र पाटीदार, दशरथ सिंह सेंधव, आशुतोष धारीवाल,दिनेश कुमावत शिवनारायण चौधरी,सुदामा श्रीवास , महेश राठौर,दीपक राय, ओमप्रकाश जाधव, राजेश शर्मा, दुर्गेश जाजू,कुलदीप शर्मा, जुगल पटेल,ज्योति वाडेकर, प्रिया शर्मा चेतना चौबे रानी पांचाल छाया वैष्णव, अबीता जॉन, पुरुषोत्तम सिसोदिया, अभिजितसिंह बेस, अजय सिंह गौड़, पुष्पेंद्र सिंह तोमर,दिनेश चौधरी, हजारीलाल चौहान,दिनेश व्यास, श्याम सिंह सेंधव अरुण मिश्रा, धर्मवीरसिंह नरवरिया साबिर शेख, विजय त्रिवेदी, लखन पटेल, जुगल पटेल आदि उपस्थित रहे।

# बाना निकाल कर गणगौर पर्व की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर की माहेश्वरी समाज की महिलाओं द्वारा 16 दिवसीय गणगौर उत्सव में फूल पाती का चल समारोह निकाला जाता है जिसमें बालिकाओं को गणगौर स्वरूप में दूल्हा-दुल्हन भी बनाया जाता है। नगर की महेश्वरी समाज की महिलाओं द्वारा माहेश्वरी धर्मशाला से फूलपाती का चल समारोह निकाला गया। चल समारोह में सभी महिलाएं श्रृंगार कर नृत्य करती हुई गणगौर की आराधना में शामिल हुई। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज की सभी महिलाए उपस्थित थी।

# नगर परिषद अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली



नगर बागली के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से नगर परिषद अध्यक्ष सीमा यादव एवं नगर पालिका परिषद अध्यक्ष कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल यादव ने भोपाल पहुँचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बागली नगर के विकास कार्यों के लिए आवश्यक आर्थिक सहायता एवं विभिन्न योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि बागली को प्रदेश की मॉडल नगर परिषद के रूप में विकसित किया जाएगा और इसके विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बागली के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है और आने वाले समय में नगर में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को गति मिलेगी। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सीमा यादव ने संपूर्ण परिषद की ओर से मुख्यमंत्री डॉ.यादव का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और सहयोग से बागली नगर में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा, जिससे नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी और नगर विकास की नई ऊँचाइयों को छुएगा। बागली के विकास को लेकर हुई इस महत्वपूर्ण मुलाकात से क्षेत्र के नागरिकों में उत्साह का माहौल है और उम्मीद जताई जा रही है। जल्द ही नगर में नए विकास कार्यों की सौगात मिलेगी। इस दौरान नगर परिषद पार्षदगण भी उपस्थित रहे।

### शहीद संजय मीणा की स्मृति में बनेगा शहीद द्वार, स्मारक और लाइब्रेरी का होगा निर्माण

# क्षेत्रीय विधायक डॉ. सोनकर ने किया विधिवत भूमिपूजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

भौरासा से लगे ग्राम पंचायत संवरसी में अमर शहीद संजय मीणा की स्मृति में शहीद द्वार एवं चबूतरा स्मारक निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर ने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई।ज्ञात हो कि ग्राम संवरसी के वीर सपूत संजय मीणा वर्ष 2013 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे और कर्तव्य निभाते हुए अरुणाचल प्रदेश में वीरगति को प्राप्त हो गए थे। जब उनका पार्थिव शरीर गांव लाया गया था, तब नगर से लेकर ग्राम तक हजारों लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अंतिम सलामी दी थी।

उसी समय विधायक डॉ. सोनकर ने शहीद की स्मृति में गांव में स्मारक निर्माण का आश्वासन दिया था।भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक डॉ. सोनकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो वादा करती है, उसे पूरा भी करती है। उन्होंने कहा कि संवरसी के रहने वाले मां भारती के सपूत अमर शहीद संजय मीणा (11 ग्रेनेडियर्स) ने मातृभूमि की सेवा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। ऐसे वीर सपूतों की स्मृति को हमेशा जीवित रखा जाएगा। इसी उद्देश्य से ग्राम पंचायत संवरसी में शहीद द्वार और स्मारक का निर्माण किया जा रहा है।उन्होंने अपने संबोधन में यह भी कहा कि विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान, सेवानिवृत्त और शहीद सैनिकों की जानकारी एकत्रित कर एक सुसज्जित लाइब्रेरी बनाई जाएगी। इस लाइब्रेरी में युवाओं को देशभक्ति, सैनिकों के पराक्रम और उनके कठिन परिश्रम की जानकारी मिलेगी, जिससे क्षेत्र के युवाओं में सेना में भर्ती होने की प्रेरणा बढ़ेगी और देश की सैन्य शक्ति मजबूत होगी।डॉ. सोनकर ने कहा कि शहीद संजय मीणा के परिवार ने भी देश सेवा की गौरवशाली परंपरा निभाई है। उनके बड़े भाई सेना से सेवानिवृत्त हो चुके हैं, जबकि छोटे भाई आज भी भारतीय सेना में सेवा दे रहे हैं। ऐसे परिवार को वे नमन करते हैं।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा, भौरासा नगर पंचायत अध्यक्ष संजय कुमार जोशी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, मीडिया प्रभारी प्रेमचंद सेठी, पूर्व जनपद अध्यक्ष दशरथ सिंह धाकड़, रामचरण चौधरी, हिम्मत सिंह ठाकुर, ग्राम पंचायत सरपंच जसमत सिंह, उपसरपंच कालू सिंह दरबार, शहीद के पिता लाल सिंह मीणा, भाई रामप्रसाद फौजी, कैलाश मीणा, हेमंत फौजी सहित शहीद के परिवारजन और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# होलानी बने अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा के वरिष्ठ सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



क्षेत्र के सक्रिय सामाजिक, राजनीतिक व्यक्तित्व तथा कांग्रेस नेता व पीसीसी सदस्य मनोज श्याम होलानी को अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा द्वारा समाज का वरिष्ठ विशिष्ट सदस्य मनोनीत किया गया। इस महत्वपूर्ण मनोनयन से माहेश्वरी समाज में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। समाजजनों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताते हुए होलानी को बधाई दी हैं। मनोज होलानी लंबे समय से सामाजिक, धार्मिक और जनहित से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं।

समाज के विभिन्न आयोजनों, जनसेवा के कार्यों और सामाजिक गतिविधियों में उनकी भागीदारी हमेशा सराहनीय रही है। समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, सक्रियता और सेवाभाव को देखते हुए महासभा द्वारा उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।समाज के वरिष्ठजनों का मानना है कि मनोज होलानी की नियुक्ति से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। उनके अनुभव, नेतृत्व क्षमता और समाज के प्रति समर्पण से माहेश्वरी समाज के संगठनात्मक कार्यों को गति मिलेगी और समाज को नई दिशा प्राप्त होगी। होलानी की नियुक्ति पर माहेश्वरी समाज के दिनेश बियाणी, सुशील पंसारी, विकास सिंगी, अमित होलानी, राम सिंगी एवं हिमांशु होलानी सहित अनेक समाजजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। सभी ने विश्वास व्यक्त किया कि मनोज होलानी अपने अनुभव और कार्यशैली से समाज के विकास तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## खबर संक्षेप

### कार्यालय प्रबंधन प्रशिक्षण कोर्स के लिए आवेदन शुरू

**ललितपुर।** जिला सेवायोजन विभाग, के जिला सेवायोजन कार्यालय ललितपुर में अधीन संचालित शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र में कार्यालय प्रबंधन प्रशिक्षण कोर्स एक अप्रैल से शुरू हो रहा है इसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई हैं, इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति के अभ्यार्थी जिनकी आयु सीमा दिनांकः-01-01-26 को 18 वर्ष से 35 वर्ष के मध्य हो, अपना आवेदन पत्र जिला सेवायोजन कार्यालय ललितपुर में दिनांकः-25-03-2026 को अपरान्ह 04:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। आवेदन के लिए न्यूनतम योग्यता इंटरमीडिएट होनी चाहिए। हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय अनिवार्य हैं। एक वर्ष के इस कोर्स में अभ्यर्थी को बेसिक आवेदन के साथ शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति अवश्य संलग्न करें। प्रवेश साक्षात्कार के माध्यम से होगा, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांकः-27-03-2026 को एवं पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांकः-30-03-2026 को किया जायेगा। आवेदन-पत्र का प्रारूप कार्यालय के सूचना पट पर उपलब्ध हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय एवं शिक्षण एवं मार्गदर्शन केंद्र ललितपुर में सम्पर्क कर सकते हैं।

### नई वाहन पंजीयन श्रृंखला यूपी 94 एएम शुरू

**ललितपुर।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) कार्यालय द्वारा मोटर वाहनों के पंजीयन को लेकर नई श्रृंखला जारी की गई है। कार्यालय आदेश के अनुसार गैर परिवहन वाहनों की पंजीयन श्रृंखला यू.पी. 94 ए.एल. के सभी नंबर 13 मार्च 2026 को पूर्ण हो गए हैं। परिवहन आयुक्त कार्यालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशों के तहत वाहनों के लिए आकर्षक एवं महत्वपूर्ण पंजीयन नंबरों की ऑनलाइन आरक्षण व्यवस्था प्रथम आवत-प्रथम पावत के सिद्धांत पर लागू है। इसी क्रम में यू.पी.94 ए.एल. सीरीज पूरी होने के बाद अब नई पंजीयन श्रृंखला यू.पी.94 ए.एम. (गैर परिवहन वाहन) लागू की गई है। कार्यालय द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि नई श्रृंखला के आकर्षक और महत्वपूर्ण पंजीयन नंबरों की बुकिंग नीलामी प्रक्रिया या प्रथम आवत-प्रथम पावत के आधार पर की जाएगी। इच्छुक आवेदक परिवहन विभाग की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। एआरटीओ विपिन चौधरी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पूर्व श्रृंखला के शेष बचे आकर्षक नंबरों को ब्लॉक कर नई पंजीयन श्रृंखला यू.पी. 94 ए.एम. को वेबसाइट पर प्रदर्शित करने की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाए।

### रंजिश को लेकर युवक के साथ मारपीट

**ललितपुर।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुम्हेड़ी में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पीड़ित को बीच रास्ते रोककर हमला किया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर एक महिला सहित तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। ग्राम कुम्हेड़ी निवासी धर्मेंद्र लोधी पुत्र जाहर सिंह ने पुलिस को बताया कि बुधवार 11 मार्च की रात करीब 8 बजे वह अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह गांव के ही एक व्यक्ति के दरवाजे के पास पहुंचा, तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही खिलान लोधी, उसकी पत्नी और पुत्र दीपेंद्र लोधी ने उसे रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने पीड़ित के साथ अभद्र गाली-गलौज शुरू कर दी और जब उसने विरोध किया, तो उसके साथ मारपीट की गई। शोर सुनकर जब ग्रामीण वहां पहुंचे, तो आरोपियों ने पीड़ित को भविष्य में जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भगा दिया। महरौनी पुलिस ने इस मामले में तत्परता दिखाते हुए आरोपी खिलान लोधी, दीपेंद्र लोधी और खिलान की पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

## उप मुख्यमंत्री ने मंडलीय सरस मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया

# स्वयं सहायता समूहों से दीदियों को लखपति ही नहीं, करोड़पति भी बनाया जाएगा: मौर्य

- जनपद में लगेगा राष्ट्रीय स्तर का सरस मेला, 7 राज्यों की महिलाएं प्रतिभाग करेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



माननीय उप मुख्यमंत्री जी उ0प्र0 श्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के गिन्नौट बाग में आयोजित मंडलीय सरस मेले का फीता काटकर शुभारंभ किया, साथ ही परिसर में विभिन्न स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाये गए स्थानीय उत्पादों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और उनकी सराहना की। उन्होंने मौके पर छोटे बच्चों का अन्न प्रासन कराया और लाभार्थियों को योजनाओं के प्रमाण पत्र व चाभियां वितरित की।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपमुख्यमंत्री ने भगवान गणेश जी की प्रतिमा का माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया, तत्पश्चात जिलाधिकारी व उनके प्रशासनिक टीम ने उप मुख्यमंत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधिगणों का बुके भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, एमएलसी रमा निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, नगर पालिका अध्यक्षा सोनाली जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बहुत महत्वपूर्ण दिन है, आज इस मण्डलीय सरस मेले के उद्घाटन के अवसर पर जब हमारी स्वयं सहायता समूहों की दीदियों का सम्मान हो रहा है। उन्होंने अपने वक्तव्य के माध्यम से जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक और उनकी पूरी प्रशासनिक टीम को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी।

### स्वरोजगार को बढ़ावा देने पर फोकस

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से गरीबों को स्वरोजगार से अमीर बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यदि आप दीदियां खाने-पीने का सामान समूह के माध्यम से बड़े स्तर पर बनाना चाहती है और उसकी लागत 5 करोड़ रुपए है तो उस पर 1 करोड़ 75 लाख रुपया (35 प्रतिशत) अनुदान दिया जाता है, इसके साथ ही यदि इकाई में विद्युत का उपयोग होता है तो उसके लिए 90 प्रतिशत सोलर पैनल लगवाने के लिए अनुदान भी दिया जाता है।

### ललितपुर के लिए घोषणा की

उन्होंने मंच के माध्यम से जनपद में राष्ट्रीय स्तर का सरस मेला आयोजित कराने की घोषणा की कि जिसमें 7 राज्यों की स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने-अपने उत्पाद लेकर यहां आयेंगी। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री ने अपने नये कार्यालय कर्तव्य भवन में पहले ही दिन 6 करोड़ दीदियों को लखपति दीदी बनाने की घोषणा की, जिसके क्रम मउपमुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रदेश में 3 करोड़ महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उनमें से कम से कम 1 करोड़ दीदियों को लखपति दीदी बनाने का काम करेंगे। हमें ऐसा काम करना है कि ललितपुर की दीदियों के द्वारा बनाये गए उत्पाद देश में ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व में बिके। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि देश की आधी आबादी सामर्थवान हो। उन्होंने कहा कि पहले मनरेगा बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होता था, लेकिन प्रधानमंत्री ने इसे विकसित भारत जीरामजी कानून बनाकर भ्रष्टाचार को खत्म कर दिया है। पहले की सरकारें यदि गरीब को 1 रुपया देती थीं तो उसे केवल 15 पैसे ही मिल पाते थे, प्रधानमंत्री ने सभी के बैंक खाते खुलवाकर योजना का लाभ सीधे पात्र लाभार्थी के खाते में डीबीटी के माध्यम से पहुंचता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले ललितपुर के सहरिया समुदाय के लोग काम की तलाश में दूसरे प्रदेशों के लिए पलायन करते थे, लेकिन अब उन्हें पलायन करने की जरुरत नहीं हैं, क्योंकि हमारी सरकार का खजाना उनको विभिन्न योजनाओं के माध्यम से शक्तिशाली और समृद्धशाली बनाने के लिए खुला हुआ है।

### नए वित्तीय वर्ष में योजनाओं की धनराशि में होगी वृद्धि

उन्होंने यह भी कहा कि नये वित्तीय वर्ष से वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन और दिव्यांग पेंशन की धनराशि 01 हजार से बढ़ाकर 1500 प्रतिमाह की जा रही है, जिसका लाभ नये वित्तीय वर्ष से पात्रों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में 03 करोड़ प्रधानमंत्री आवासों को स्वीकृत किया है, जिससे अब तक छूटे हुए लाभार्थियों को भी जल्द आवास योजना का लाभ मिलने वाला है। इसके अलावा मुख्यमंत्री आवास योजनान्तर्गत दिव्यांग, सहरिया, कुष्टरोगी, बुजुर्ग आदि वर्गों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित किया जा रहा है।

### लाभार्थियों को चेक, चाभी और नियुक्ति पत्र वितरण

उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह सदस्यों को चैक, सीसीएल व सीआईईएफ डेमो चेक का वितरण मंच के माध्यम से दिया गया, इसी प्रकार मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चाभी व स्वीकृति पत्र वितरित किये गए, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनान्तर्गत 5 लाभार्थियों ट्रेटर की चाभी का वितरण किया गया और गर्भवती महिलाओं की गोदभरायी व बच्चों का अन्न प्राशन कराया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, अपर जिलाधिकारी न्यायिक अशोक कुमार यादव, डीसी मनरेगा रमेश चन्द्र यादव, पीडी डीआरडीए दीपक कुमार यादव, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## डिप्टी सीएम को ज्ञापन दिया

# पूर्व आउटसोर्सिंग गार्डों के सेवा विस्तार की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में पूर्व से कार्यरत आउटसोर्सिंग सुरक्षा गार्डों के सेवा विस्तार और समायोजन को लेकर मामला फिर चर्चा में आ गया है। इस सम्बन्ध में चिकित्सा महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री को विस्तृत आख्या भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निर्देश पर सीएमओ द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से सेवा प्रदाता एजेंसी ओमेक्स सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड, गोमती नगर लखनऊ के जरिए वर्ष 2023 में 47 सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति की गई थी। इन गार्डों ने मेडिकल कॉलेज और अन्य स्वास्थ्य इकाइयों में अपनी सेवाएं दीं। हालांकि मार्च 2025 में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी आदेश के बाद 31 मार्च 2025 के पश्चात इन सुरक्षा गार्डों से सेवाएं न लेने के निर्देश जारी कर दिए गए, जिसके बाद उनकी सेवाएं समाप्त हो गईं। सेवा समाप्ति के बाद गार्डों और कर्मचारी संगठनों ने कई जनप्रतिनिधियों और उच्चाधिकारियों से सेवा विस्तार या समायोजन की मांग को लेकर लगातार पत्राचार किया। बताया गया है कि इस संबंध में राज्यमंत्री मनोहर लाल ने भी मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजकर सुरक्षा गार्डों के सेवा विस्तार या समायोजन पर विचार करने का अनुरोध किया था। इसके बाद शासन स्तर से भी कई बार इस मामले में आख्या मांगी गई। इधर शासन के निर्देशानुसार मेडिकल कॉलेज में सुरक्षा व्यवस्था के लिए अब उत्तर प्रदेश पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड के माध्यम से सुरक्षा गार्ड तैनात किए जा रहे हैं, लेकिन वर्तमान में केवल 35 से 40 गार्ड ही उपलब्ध कराए गए हैं। जबकि कॉलेज परिसर का विस्तार होने के कारण अमरपुर स्थित छात्रावास, एकेडमिक ब्लॉक, फैकल्टी आवास, एसआर-जेआर आवास और 300 बेड के नवनिर्मित अस्पताल की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में गार्डों की आवश्यकता बनी हुई है। मेडिकल कॉलेज प्रशासन का कहना है कि पूर्व सैनिक कल्याण निगम से बार-बार लिखित और मौखिक अनुरोध के बावजूद पर्याप्त सुरक्षा गार्ड उपलब्ध नहीं कराए जा रहे हैं। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए शासन स्तर पर उचित निर्णय लिए जाने की आवश्यकता है। ज्ञापन भेजते समय हरगोविन्द, दामोदर, अमरेन्द्र राजपूत, मंगल सिंह, चांदनी, दीपक राठौर, संजीव सेन, रोहित राजपूत, मंगललाल, रिया, पूजा, नेहा, ममता, राजेश, रोहित पटेल आदि मौजूद रहे।

### रसोई गैस की कीमतों को लेकर कांग्रेस का धरना आज

**ललितपुर।** रसोई गैस और वाणिज्यिक गैस की बढ़ती कीमतों तथा कालाबाजारी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार 14 मार्च को कंपनी बाग में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर आयोजित किया जा रहा है। धरना-प्रदर्शन शनिवार को दोपहर 12 बजे कम्पनी बाग में होगा। उन्होंने कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, विधि प्रकोष्ठ, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ सहित सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों, पूर्व सांसद-विधायक तथा ब्लॉक व नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने की अपील की है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि रसोई गैस और वाणिज्यिक गैस की लगातार बढ़ती कीमतों से आम जनता और छोटे व्यापारियों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, जिसके विरोध में यह प्रदर्शन किया जा रहा है।

## दान कर्म मनुष्य जीवन का श्रेष्ठ सत्कर्म: बालभरत



ललितपुर। श्री सिद्धपीठ श्री तुवन सरकार मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिवस धर्मसभा को संबोधित करते हुए कथा व्यास स्वामी बालभरत जी महाराज ने कहा कि दान मनुष्य के जीवन का श्रेष्ठ सत्कर्म है। अन्नदान, जलदान और वस्त्रदान जैसे दान के अनेक रूप हैं। यदि ईश्वर ने किसी व्यक्ति को सामर्थ्य दी है तो उसे खुले दिल से दान कर पुण्य अर्जित करना चाहिए। शास्त्रों में दान की विशेष महिमा बताई गई है और श्रद्धावान व धर्मपरायण व्यक्ति ही दान देने की वास्तविक योग्यता रखता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान अवश्य करना चाहिए। कथा के दौरान स्वामी बालभरत जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव, नंदोत्सव व उनकी बाल लीलाओं के मनोहारी प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। सुमधुर भजनों की प्रस्तुति से कथा पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे। उन्होंने बताया कि भगवान की करुणा असीम है। बालक कृष्ण को मारने आई पूतना को भी प्रभु ने माता के समान सद्गति प्रदान की, जबकि वह बाल हत्यारिन थी। यह भगवान की कृपा और करुणा का सहज स्वभाव है। स्वामी ने कहा कि जीवन में किसी भी जीव—चाहे वह मानव हो या पशु-पक्षी—को कष्ट नहीं पहुंचाना चाहिए। मनुष्य को शाकाहारी जीवन अपनाना चाहिए क्योंकि हमारे शास्त्र मांसाहार की अनुमति नहीं देते। कुछ लोग यह भ्रम फैलाते हैं कि शाकाहार में शक्ति कम होती है, जबकि यह पूरी तरह गलत है। शाकाहार शरीर के लिए सर्वोत्तम पोषण देता है। हमारा आहार ही हमारे विचार और कर्मों को प्रभावित करता है, इसलिए सात्विक आहार से ही सात्विक कर्मों का विकास होता है। कथा के दौरान श्रीमद्भागवत के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से जीवन के नैतिक मूल्यों पर भी प्रकाश डाला गया। गौचारण लीला, वेणु वादन लीला, कालिया नाग मर्दन लीला और श्रीगोवर्धन पूजा जैसे रसमय प्रसंगों का वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया गया। प्रातःकालीन सत्र में वैदिक विद्वानों द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक वैदिक विधि-विधान से सम्पन्न कराया गया। वहीं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी जारी है। सम्पूर्ण आयोजन नौहर कलाँ परिवार द्वारा किया जा रहा है।

## मत्स्य विभाग की भूमि पर विवाह घर या वाटर पार्क की मांग



**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 18 के पार्षद आलोक कुमार जैन मयूर ने उप मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शहर में स्थित मत्स्य विभाग की खाली पड़ी भूमि का जनहित में उपयोग किए जाने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने बताया कि नगर के कर्माबाई पार्क के मध्य और जल संस्थान कार्यालय के बीच लगभग डेढ़ एकड़ मत्स्य विभाग की भूमि लंबे समय से खाली पड़ी है और वर्तमान में इसका किसी प्रकार का उपयोग नहीं हो रहा है।

पार्षद आलोक जैन ने कहा कि शहर के बीचों-बीच स्थित इस भूमि का उपयोग जनसुविधाओं के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि यहां एक विवाह घर (मैरेज हॉल) बनाया जाए, जिससे नगर के आम नागरिकों को सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधा मिल सके। इसके अलावा उन्होंने यह भी प्रस्ताव रखा कि यदि संभव हो तो यहां वॉटर पार्क का निर्माण कराया जाए, जिससे शहर के सौंदर्यीकरण के साथ-साथ यह स्थान पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन सके। पार्षद ने उप मुख्यमंत्री से इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई कराने की मांग की है, ताकि खाली पड़ी भूमि का उपयोग शहर के विकास और जनहित में किया जा सके।

## शिविर में तंबाकू से दूर रहने की शपथ दिलाई




**ललितपुर।** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (एएसएमसी) में संचालित तंबाकू परामर्श केन्द्र द्वारा धूम्रपान निषेध दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डा.मयंक शुक्ला ने की। आयोजित गोष्ठी में तंबाकू एवं धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित कर उपस्थित लोगों को तंबाकू का सेवन न करने तथा दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने का संकल्प दिलाया गया। शिविर में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार सामग्री का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में डा.मदुरेन्द्र राजपूत, डा.राजेश आर्य, डा.अंबिका प्रसाद दुबे, वरिष्ठ फिजिशियन डा.पवन सूद, डा.विशाल जैन, मंजूलता यादव, डा.सौरभ देओलिया, नंदलाल यादव एवं महेन्द्र पटेल सहित मरीज एवं उनके तीमारदार, नर्सिंग स्टाफ तथा पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि तंबाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग एवं फेफड़ों से संबंधित गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए स्वस्थ जीवन के लिए तंबाकू से दूर रहना आवश्यक है।


### बसपा के दो पदाधिकारी निष्कासित

**ललितपुर।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर दो पदाधिकारियों को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इस संबंध में जिला अध्यक्ष द्वारा प्रेस नोट जारी कर जानकारी दी गई है। जारी प्रेस नोट के अनुसार 12 मार्च 2026 को पार्टी के उच्च पदाधिकारियों की संस्तुति पर मनीराम अहिरवार, पूर्व विधानसभा सचिव महरौनी, तथा संजय चौधरी, पूर्व नगर उपाध्यक्ष नदीपुर (ललितपुर) को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल पाए जाने के कारण पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। बताया गया कि दोनों नेताओं को पहले कई बार समझाया गया लेकिन उनके व्यवहार में सुधार नहीं होने पर पार्टी ने यह कार्रवाई की। जिला अध्यक्ष कपिल कुमार अहिरवार ने बताया कि पार्टी अनुशासनहीनता और संगठन विरोधी गतिविधियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

## युवती को सोशल मीडिया पर गालियां और जान से मारने की धमकी दी

**ललितपुर।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में एक युवती को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभद्र गालियाँ देने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर के एक मोहल्ला में रहने वाली पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि आरोपी रोहित रावत उसे पिछले कुछ समय से गंदे मैसेज भेजकर परेशान कर रहा है। आरोप है कि बुधवार 11 मार्च की रात करीब 9.30 बजे आरोपी ने इंस्टाग्राम पर उसे बेहद अभद्र गालियाँ दीं और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार, इस कृत्य में रोहित रावत के साथ विनोद तिवारी और रवि तिवारी भी शामिल हैं, जिन्होंने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पीड़िता ने बताया कि इससे पहले भी एक शिकायत दर्ज कराई गई थी, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हैं। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी रोहित रावत, विनोद तिवारी और रवि तिवारी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## मुनि सुधासागर ससंघ की अगुवाई को लेकर जैन समाज उत्साहित, आज निकालेंगे शोभायात्रा



**ललितपुर।** जैन संत तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज ससघ ललितपुर नगर आगमन को लेकर जैन समाज में उत्साह का महौल है स्वयंसेवी संस्थाओं ने नगर को तोरणद्वार और वैनर पोस्टरों से सुसज्जित किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आज 14 मार्च को प्रातःकाल मुनि श्री सुधासागर महाराज अपने संघस्थ साधुओं के साथ ज्ञानोदय तीर्थ से प्रातः 7 बजे विहार करते हुए नेहरूमहाविद्यालय मार्ग पहुंचेंगे जहां मुनिसंघ की भव्य अगुवाई दिगम्बर जैन पंचायत समिति के तत्वावधान में जैन समाज करेगी।

भव्य शोभायात्रा निर्धारित मार्ग से मवेशीवाजार, आजादचौक, घंटाघरचौक, से तुवन चौराहा होते हुए वर्णीकालेज चौराहा से अभिनंदनोदय तीर्थ पहुंचेगी जहाँ मुनि श्री धर्मसभा को सम्बोधित करेंगे। अगुवाई को लेकर जैन पंचायत के अध्यक्ष डॉ अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, संयोजक सनत जैन खजुरिया, धार्मिक अयोजन संयोजक प्रतीक इमलिया, राकेश जैन रिंकू, मंदिर प्रबंधक मोदी पंकज जैन, अशोक दैलवारा, मनोज जैन बबीना, अजय जैन गंगचारी सहित श्रेष्ठी शीलचंद अनौरा, अनिल जैन अंचल राजेन्द्र जैन थनवारा, अक्षय अलया, संजीव जैन ममता स्पोर्ट, जिनेन्द्र जैन डिस्को, संजीव जैन सीए नरेन्द्र जैन छोटै पहलवान, अरविन्द जैन आप्टीषियन धन्यकुमार जैन एड, संजय रसिया, नरेन्द्र जैन छोटे पहलवान सहित अनेक प्रमुख लोग सकिय है। महिला मंडल ने जलूस की अगुवाई को लेकर भव्य तैयारियां की है।

## कारीटोरन पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में पहुंचे उपमुख्यमंत्री

# संतों की वाणी से ही मिलते संस्कार: केशव मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

विकास खंड मडावरा अन्तर्गत श्री शान्तिनाथ अतिशय क्षेत्र करीटोरन में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पहुंचकर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में चर्याशिरोमणी आचार्य श्रेष्ठ विशुद्धसागर महाराज के प्रभावक शिष्य मुनि सम्यत्व सागर महाराज को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। प्राचीन पुरातत्व की धरोहर के संरक्षण के लिए कारीटोरन में संग्रहालय की आधारशिला रखी और कहा पुरातत्व ही हमारी धरोहर है जिसका संरक्षण जरूरी है। उन्होंने अपने सम्बोधन में जैन संतों की उत्कृष्ट तपस्या को नमन करते हुए कहा संतों की वाणी द्वारा ही संस्कार मिलते है। जैन धर्म की प्राचीनता का उल्लेख करते हुए उन्होंने भगवान महावीर के सिद्धान्तों की आवश्यकता बताई। प्रदेश सरकार की उपलब्धियों बताते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा सुदूर ग्रामीण अंचलों को हर प्रकार की सुविधा मुहैया कराने के लिए केन्द्र और प्रदेश की सरकार प्रयास कर रही है उन्होंने जन कारीटोरन में विजली, बैंक और सड़क की सुविधाओं पर कार्रवाई का भरोसा दिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आचार्य श्री के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्वलित कर उपमुख्यमंत्री द्वारा किया गया। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति ने मुख्यअतिथि को माल्यार्पण शाल श्रीफल से सम्मानित

### गजरथ परिक्रमा में उमडा श्रद्धा का सैलाब

किया। मेला अध्यक्ष एड मुन्नालाल जैन अभिलाषा ने सनातन संस्कृति का प्रतीक चिन्ह भेंट कर उपमुख्यमंत्री जी को सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कारीटोरन दर्शन पुस्तिका का लोकार्पण भी किया। इस मौके पर मुनि श्री सम्यत्वसागर महाराज ने राजनीति में धर्म के समावेश को श्रेयस्कर बताते हुए कहा धर्म द्वारा ही जीवन में शान्ति का मार्ग है। धर्मसभा को मुनिश्री सौम्य सागर महाराज ने सम्बोधित कर श्रावकों को सीख दी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चन्द्र रावत ने उपमुख्यमंत्री के ललितपुर जनपद के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र कारीटोरन आगमन को विकास की दिशा में उपलब्धि बताया। उन्होंने प्रतिष्ठाचार्य के महेश जी डीमापुर द्वारा धर्म संस्कृति के उत्थान में दिए गए योगदान पर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राज्यमंत्री मनोहरलाल पंथ, पूर्वविधायक देवेन्द्र सिंह मदनपुर, चन्द्रदीप रावत बलाक प्रमुख, नगरपालिका अध्यक्ष सोनाली जैन, अनिल जैन अंचल, अजित खजुरिया, अक्षय अलया, पवन जैन शिवाजी आनंद राय, महेश श्रीवास्तव भैया, जिला पंचायत सदस्य मनोज कुशवाहा, अरविन्द रजउराजा मैनुवा, सुदीप मोहनी, माधव शास्त्री, श्रयस जैन ककरवाहा, विवेक जैन अभिलाषा, अनुभव कपासिया, जिनेन्द्र जैन रानू मनोज जैन ललितपुर टीवी, अनंदी लुहर्र, विजय जैन, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री केशव मोर्य ने मुनिश्री सम्यत्व सागर का पादप्रक्षालन करने का पुर्याजन कर संतों के प्रति आस्था जताई। कार्यक्रम का संचालन वीरचंद नैकौरा ने किया जबकि उपस्थित जनसमुदाय का आभार नगरपालिका अध्यक्ष सोनालीजैन द्वारा किया गया। इसके पूर्व आज प्रातःकाल पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में मोक्ष कल्याणक की मांगलिक कियाए एव विश्व शान्ति महायज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें इन्द्र इन्द्राणियों ने सम्मलित होकर आहूति दी।

आईएएस अधिकारियों से संपकों का हवाला देकर बेरोजगारों को झांसे में लेता था

# लग्जरी शौक पूरा करने युवाओं से ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार




## पशुपालन लोन स्वीकृत करवाने के नाम पर भी करता था ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भोलेभाले बेरोजगार युवाओं को आईएएस अधिकारियों से अच्छी पेठ और सपंर्कों का हवाला देकर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी बंटी उर्फ कृष्णमोहन वर्मा निवासी बाराद्धारी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस की विवेचना में यह तथ्य भी सामने आया है कि आरोपी बंटी ठगी से मिलने वाले रुपयों से अपने मंहगे शौक पूरे करते हुए लग्जरी लाइफ जी रहा था। उसने इसी राशि से अनेकों मंहगे घरैलू, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण सहित अन्य लग्जरी सामान खरीदे। पुलिस ने उन सामानों को भी जब्त कर लिया है। अधिकतर मामलों में आरोपी बंटी नौकरी व पशुपालन पर लोन दिलाने का झांसा बेरोजगारों को दिया करता था।

### ऐसे सामने आया था मामला

राजगढ़ के ही वार्ड-14 बाराद्धारी निवासी सुनील पिता शिवनारायण नागर एवं नानूराम पिता अमरलाल सुतार ने अपने साथ हुई ठगी संबंधी शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने उस समय आवश्यक धाराओं में एफआईआर पंजीबद्ध करते हुए मामला जांच में लिया। विवेचना के दौरान सामने आया कि आरोपी बंटी उर्फ कृष्ण मोहन पिता रतनलाल वर्मा निवासी बाराद्वारी राजगढ़ लोगों को यह विश्वास दिलाता था कि उसकी वरिष्ठ अधिकारियों से अच्छी पहचान है और वह वन विभाग सहित अन्य विभागों में नौकरी लगवा सकता है। आरोपी बंटी ने इसी तरह के झांसे देकर बेरोजगारों से अलग-अलग समय पर करीब 70 लाख रुपए ठगे। कुछ राशि नकद तो कुछ खातों में ट्रांसफर करवाई।


पूर्व आईएएस के नाम पर नौकरी लगवाने का झांसा
नौकरी के नाम पर ठगी! आरोपी पर 1 करोड़ से ज्यादा हड़पने का आरोप

### वल्लभ भवन में अच्छे संपर्कों का देता था हवाला

आरोपी पीड़ितों को कई बार भोपाल के वल्लभ भवन लेकर जाता था और उन्हें बाहर बैठाकर यह कहता था कि अधिकारियों से बात हो गई है और जल्द ही नौकरी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इस प्रकार आरोपी लंबे समय तक झूठे आश्वासन देकर लोगों को गुमराह करता रहा। इसके अतिरिक्त आरोपी द्वारा कुछ व्यक्तियों को नाबार्ड के माध्यम से लगभग 1 करोड़ 35 लाख रुपये का पशुपालन लोन स्वीकृत करवाने का झांसा देकर भी उनसे रुपये लिये गये।

### बेरोजगार युवकों को बनाया निशाना

विवेचना में यह भी सामने आया कि आरोपी द्वारा मुख्य रूप से "आर्थिक रूप से कमजोर बेरोजगार युवकों को नौकरी व लोन दिलाने का झांसा देकर उनसे रुपये प्राप्त किये गये"।

### पुलिस ने यह माल किया जब्त

पुलिस ने आरोपी के पास से 90 हजार रुपए नकद जब्त किए वहीं बैंक में 5 लाख 25 हजार रुपए के गोल्ड लोन पर होल्ड लगवाया। एक अन्य प्रकरण में 30 हजार नकद, सोने की अंगूठी, कान के टाप्स, ज्वेलरी के बिल जब्ती में लिए गए हैं। इसके साथ ही उसके घर से 2 एसी, 02 एलईडी, 01 वाशिंग मशीन, कूलर, फ्रीज सहित अन्य सामान जब्ती में लिया।

रेड क्रॉस सोसाइटी की सेवा भावी पहल बनी चर्चा का विषय

# पोस्टमार्टम रूम के बाहर 'परिजन विश्राम स्थल' का निर्माण, नगर को मिला मर्चुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़




मानव सेवा और सामाजिक संवेदनशीलता के लिए जानी जाने वाली संस्था भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की उप शाखा नरसिंहगढ़ द्वारा जनहित में की गई एक महत्वपूर्ण पहल इन दिनों क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। संस्था द्वारा शोकग्रस्त परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पोस्टमार्टम रूम के बाहर 20×30 फीट का विशाल शेड बनाकर "परिजन विश्राम स्थल" का निर्माण कराया गया है।

यह कार्य उप शाखा नरसिंहगढ़ के अध्यक्ष एवं एसडीएम सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन और निर्देशन में तथा जिला शाखा राजगढ़ के सचिव एड. संजय शेखर शर्मा के विशेष प्रयासों से पूर्ण हुआ है। पूर्व में पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के परिजनों को लंबे समय तक धूप, बारिश और अन्य प्रतिकूल परिस्थितियों में खड़े रहकर इंतजार करना पड़ता था, जिससे उन्हें काफी असुविधा होती थी। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा यह मानवीय पहल की गई और पोस्टमार्टम रूम के बाहर एक सुसज्जित शेड का निर्माण कराया गया, जिसे "परिजन विश्राम स्थल" नाम दिया गया है। अब यहां परिजनों को बैठने और ठहरने की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे उन्हें कठिन समय में कुछ राहत मिल सकेगी। इसी के साथ रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर में मर्चुरी फ्रीजर की व्यवस्था भी की गई है। अब तक नरसिंहगढ़ क्षेत्र में डेड बॉडी को सुरक्षित रखने के लिए ऐसी कोई सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जिसके कारण कई बार परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा नगर के लिए एक मर्चुरी फ्रीजर क्रय किया गया है, जिससे आवश्यकता पड़ने पर शव को सुरक्षित रखा जा सकेगा।

रेड क्रॉस सोसाइटी की इस पहल को क्षेत्रवासियों ने मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा सराहनीय कदम बताया है। संस्था के पदाधिकारी का कहना है कि रेड क्रॉस का मूल उद्देश्य संकट और कठिन परिस्थितियों में लोगों की सहायता करना है और इसी भावना को ध्यान में रखते हुए भविष्य में भी ऐसे जनसेवा कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जाएगा।

रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला सचिव संजय शेखर शर्मा ने बताया गया है कि आने वाले समय में संपूर्ण राजगढ़ जिले में भी इस प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना है ताकि आमजन को आवश्यकता के समय बेहतर सहयोग मिल सके।

हाईवे अथॉरिटी द्वारा करवाया जा रहा यह कार्य

# रिज इन्सपेक्शन मशीन से परखी नेवज पुल की गुणवत्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा हाईवे स्थित सभी बड़े ब्रिजों की क्वालिटी चेक करवाई जा रही है ताकि अगर कहीं कोई खामी हो तो उसे दूर किया जा सके। इसी कड़ी में हाईवे अथॉरिटी द्वारा गुरुवार को मुख्यालय स्थित नेवज नदी के बड़े पुल की जांच के लिए ब्रिज इन्सपेक्शन मशीन भिजवाई गई।

इस मशीन के द्वारा पुल के पिलरों को चेक किया गया कि कहीं उनमें किसी तरह की दरार या मरम्मत की आवश्यकता तो नहीं है। मशीन संचालन कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि न केवल नेवज नदी बल्कि जिले की सीमा में विभिन्न नदियों पर बने अधिक ऊंचाई वाले पुलों का इन्सपेक्शन मशीन से करवाए जाने के निर्देश मिले हैं। जिन पुलों की क्वालिटी या मेंटनेन्स को मजदूरों द्वारा रूटीन तरह से नहीं परखा जा सकता, उन पुलों का इन्सपेक्शन इस मशीन के द्वारा करवाया जाता है। मशीन से करवाई गई इस जांच में पुल के पिलर, ऊपरी सतह में किसी तरह की कोई खामी, गड़बड़ी या मरम्मत की आवश्यकता सामने नहीं है।

### हाईवे के दोहरीकरण के समय बनवाया गया था यह पुल

आपको बतादें कि साल 2016 में मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कारपोशन(एमपीआरडीसी) द्वारा ब्यावरा से राजस्थान सीमा तक हाईवे का दोहरीकरण करवाया गया था। इसी दौरान आवश्यकता को देखते हुए नेवज नदी पर पूर्व से स्थित ब्रिज के पेरेलर लेकिन अधिक ऊंचाई पर इस पुल को बनाया गया था।

ढाबला गांव में घटना हुई

# सिंचाई करते में करंट फैलने से 2 चचेरे भाइयों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले के बोड़ा क्षेत्र के तहत आ रहे ढाबला गांव में गुरुवार को बड़ी अनहोनी सामने आई। खेत में सिंचाई करने के दौरान करंट फैलने से दो चचेरे भाईयों की दुःखद मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लिखकर पंचनामा उपरान्त उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार ढाबला गांव निवासी कमल पिता मानसिंह उम्र 35 वर्ष खेत में सिंचाई कर रहे थे। इस दौरान खेत में भरे पानी में अचानक करंट फैलने से कमल अचेत होकर तड़पने लगे। अपने भाई को तड़पता देख समीप ही खड़े उनके चचेरी भाई देवीसिंह उम्र 45 वर्ष उन्हें बचाने के लिए दौड़े लेकिन वे भी करंट की चपेट में आ गए और दोनों भाईयों का दुःखद प्राणांत हो गया।

### मोटर या तार में खराबी

पुलिस की शुरूआती जांच में विद्युत मोटर और उससे जुड़े तार में कट(खराबी) होनी की बात सामने आई है। पुलिस घटना की पूरी जांच में लगी हुई है। पोस्टमार्टम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिए गए। घटना के बाद न केवल ढाबला बल्कि समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

# हाईवे की सरकारी जमीन पर निजी रास्ता बनाने की तैयारी

## सेमलखेड़ी पुलिया के पास पाइप रखे, प्रशासन पर सवाल




कुरावर। नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर सेमलखेड़ी पुलिया के पास हाईवे की शासकीय भूमि से निजी रास्ता बनाने की कोशिश का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक निजी भूमि स्वामी अपनी जमीन तक सीधा रास्ता निकालने के लिए नेशनल हाईवे की अधिग्रहित सरकारी जमीन का उपयोग करने का प्रयास कर रहा है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है और प्रशासन से कार्रवाई की मांग उठने लगी है।

### क्या है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार कुरावर नगर से लगे ग्राम सेमलखेड़ी पुलिया के पास स्थित नेशनल हाईवे की सर्वे भूमि क्रमांक 854 (एस) में दर्ज लगभग 0.0380 हेक्टेयर (करीब 4000 वर्गफीट) भूमि पूरी तरह शासकीय है और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिग्रहण में आती है। इस स्थान से करीब 200 फीट दूरी पर एक निजी कृषि भूमि स्थित है, जिसका रास्ता राजस्व अभिलेखों में पीछे की ओर से दर्ज है और वर्तमान में पगडंडी के रूप में उपयोग होता आ रहा है।

### इनका कहना है

जब इस मामले में नरसिंहगढ़ एसडीएम सुशील कुमार से बात की गई तो उन्होंन कहा कि उन्हें इस संबंध में मुझे फिलहाल कोई जानकारी नहीं है और नेशनल हाईवे की अधिग्रहित भूमि पर रास्ता देने का अधिकार उनके पास भी नहीं है। ऐसे में अब सवाल उठ रहा है कि क्या प्रशासन इस पूरे मामले की जांच कर सच्चाई सामने लाएगा या नहीं।

# शासकीय कन्या उमावि में 68.22 लाख से बनेगा प्रयोगशाला कक्ष

छात्राओं को मिलेगी आधुनिक सुविधा



**नरसिंहगढ़-** शासकीय कन्या उमावि में छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 68.22 लाख रुपये की लागत से प्रयोगशाला कक्ष का निर्माण किया जाएगा। गुरुवार को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में भवन निर्माण कार्य का विधायक मोहन शर्मा द्वारा विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर संसाधन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला कक्ष के निर्माण से छात्राओं को विज्ञान विषय की पढ़ाई में विशेष सुविधा मिलेगी।

### विज्ञान प्रदर्शनी का किया अवलोकन

कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेताओं ने विद्यालय की छात्राओं द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। छात्राओं ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों के माध्यम से विज्ञान के सिद्धांतों को प्रस्तुत किया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की।

# मां सरस्वती एकेडमी में वार्षिक उत्सव पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



**जीरापुर** - मां सरस्वती एकेडमी में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव एवं पुरूस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। जहां पर स्कूली बच्चों द्वारा संगीत पर मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गई। छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति के गीतों, मालवी , राजस्थानी झलकियों के साथ नृत्य की शानदार प्रस्तुतियां दी। वहीं स्वस्थ शरीर के लिए कुछ बच्चों द्वारा योग एवं शारीरिक व्यायाम का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। विगत शैक्षणिक सत्र के दौरान कक्षा 10 वीं के छात्र योगेश बैरागी द्वारा जिले की प्रावीण्यता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर संस्था प्राचार्य सुरेश कुमार सुमन द्वारा 21 हजार रुपए की नकद राशि एवं प्रबंधक अतुल कुमार गौड़ व अध्यापिका सरिता बैरागी द्वारा भी नकद राशि पुरस्कार स्वरूप भेंट की गई छात्र को नकद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में भूतपूर्व सैनिक संगठन जिला अध्यक्ष हिन्दू सिंह दांगी, खिलचीपुर ब्लाक अध्यक्ष मुकेश दांगी, कोषाध्यक्ष दिनेश सेन, विष्णु सुमन ,बी.ई.ओ. राम बाबू पाटीदार, बी.आर.सी. गजेन्द्र शर्मा अतिथि के रूप में एवं विजय कुमार गुप्ता ,दिलीप टेलर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# जनगणना 2027 के तहत मकान सूचीकरण व गणना का प्रशिक्षण संपन्न

**गुना**। आगामी जनगणना 2027 के अंतर्गत गुना जिले में मकान सूचीकरण ब्लॉक के गठन हेतु जिला प्रभारी मनोज कनाडे एवं उनके सहयोगी राकेश मीणा द्वारा एक दिवसीय महत्वपूर्ण हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण कार्यशाला गुना में आयोजित की गई। प्रशिक्षण में चार्ज अधिकारियों एवं जनगणना लिपिकों को मकान सूचीकरण ब्लॉक के चिन्हांकन एवं सीमांकन के साथ-साथ अन्य तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी गई। इस दौरान गणना कार्य से संबंधित प्रक्रियाओं, आवश्यक सावधानियों तथा पोर्टल पर कार्य करने की विधि से भी अवगत कराया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य को त्रुटिरहित तथा निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना है। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को फील्ड में कार्य करते समय आने वाली व्यावहारिक समस्याओं एवं उनके समाधान के बारे में भी विस्तार से बताया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

गैस वितरकों के साथ बैठक में कलेक्टर के निदेश

# गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वालों पर की जाएगी एफआईआर



**राजगढ़**। जिले में गैस सिलेंडरों की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा हेतु कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं जिला आपूर्ति अधिकारी श्री अजीत सिंह द्वारा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की सभी गैस एजेंसियों के संचालकों से विस्तृत जानकारी ली गई। इस दौरान घरेलू एवं व्यवसायिक गैस कनेक्शन, गैस रिफिलिंग की स्थिति, गैस आपूर्ति में आने वाली संभावित समस्याओं तथा एजेंसियों में उपलब्ध वर्तमान स्टॉक की समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि प्रत्येक गैस एजेंसी को अपने पास उपलब्ध सिलेंडरों के स्टॉक की जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। इस व्यवस्था का पालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी संबंधित एसडीएम एवं एसडीओपी को दी गई है। साथ ही कहा कि यदि कहीं गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी। बैठक में पाइप्ड नेचुरल गैस के प्रचार-प्रसार पर भी विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने थिंक गैस एजेंसी से जिले में पीएनजी कनेक्शन की कम संख्या के संबंध में जानकारी ली एवं कनेक्शनों की कम संख्या पर नाराजगी जाहिर की।

**दुकानों पर इस्तेमाल न हो घरेलू गैसः** एसपी श्री तोलानी ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में नहीं होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी गैस एजेंसी के बाहर लोगों की अनावश्यक लंबी कतार लगती है, तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दी जाए, ताकि समय रहते व्यवस्था बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही के कारण जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी

नृत्य प्रस्तुत किया गया

# सेवा सदन में फाग उत्सव टेटवाल ने दी शुभकामनाएं




**सारंगपुर**। फागुन मास के पावन अवसर पर सेवा सदन में फाग उत्सव का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने कहा कि फागुन मास में प्रकृति का बासंती सौंदर्य चारों ओर दिखाई देता है। पलाश के केसरिया रंग, तरह-तरह के फूलों का खिलना और रंग-बिरंगे फूलों से धरती का श्रृंगार तन-मन में विशेष उत्साह और उमंग पैदा करता है। उन्होंने कहा कि फागुन में राधा और कृष्णा की रंग-गुलाल, अबीर, केसर और फूलों वाली आनंदमयी होली परस्पर प्रेम, स्नेह और समर्पण का संदेश देती है। प्रकृति में रंगों का विशेष महत्व है, जो हमारे जीवन को खुशहाल बनाते हुए आपसी संबंधों और परंपराओं को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ राधा-कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान राधा-कृष्ण की सुंदर झांकी पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया गया। नगर की धार्मिक महिला भजन मंडली द्वारा होली के भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं और फूलों की होली खेली गई। "आओ हम खेलें सभी मिल होली" और "आओ हम खेलें फूलों की होली" जैसे भजनों ने वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष भावना वर्मा, रेखा टेटवाल, किरण भल्ला, रजनी व्यास, थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा, शकुंतला बामनिया (पचोर) सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रही।

# राजगढ़ में बाबा बदख्सानी दरगाह का 112वां सालाना उर्स शुरू

## ग्राहकों के लिए सज गई 400 से ज्यादा दुकानें ,आकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा






राजगढ़ स्थित सूफी बाबा बदख्सानी दरगाह शरीफ में 112वें सालाना उर्स की शुरुआत 10 मार्च से हो चुकी है, जो 18 मार्च तक जारी रहेगा। उर्स के अवसर पर दरगाह परिसर में जायरीन की भारी भीड़ उमड़ रही है। अकीदतमंद बाबा बदख्सानी की बारगाह में चादर व फूल पेश कर अमन-चैन और खुशहाली की दुआएं मांग रहे हैं।

उर्स के दौरान दरगाह में महफिल-ए-समा यानी कव्वाली की महफिलें भी सज रही हैं, जहां सूफियाना कलाम से पूरा माहौल रूहानी हो उठा है। वहीं मेले में बाहर से आए दुकानदारों की दुकानें और मनोरंजन के झूले भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

**121 के अधिक सीसीटीवी लगाकर प्रशासन ने बढाई सुरक्षा** : उर्स के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। दरगाह परिसर में 121 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा पुलिस चैकी भी स्थापित की गई है, ताकि किसी भी तरह की घटना से बचाव किया जा सके।

**नवनियुक्त सदर ने हिंदू-मुस्लिम वॉलंटियर को सौंपी कई जिम्मेदारियांः** इस बार दरगाह शरीफ वक्फ बोर्ड के नवनियुक्त सदर मोहम्मद हाफिल इलियास सिद्दीकी के नेतृत्व में नई कमेटी उर्स की व्यवस्थाएं संभाल रही है। व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए परिसर में जगह-जगह डस्टबिन और फायर एक्सटिंग्विशर भी लगाए गए हैं। साथ ही हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के वॉलंटियर को भी अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।